## नीलामी हेतु निविदा सूचना

कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा-।) राजस्थान, जयपुर द्वारा पुराने फर्नीचर (लोहे व लकडी), ठण्डा-गरम भण्डार, विविध भण्डार के इलेक्ट्रीकल्स व इलेक्ट्रोनिक उपकरण इत्यादि अप्रचलित सामग्री जहाँ हैं जैसे हैं, के आधार पर नीलामी हेतु संलग्न प्रपत्र में दर्शायी गई शर्तों पर पुनः निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति या फर्म द्वारा अपनी निविदायें दिनाँक 08.07.2025 को शाम 05:00 बजे तक लेखापरीक्षा अधिकारी/जी.डी.-। के नाम प्रस्तुत की जानी हैं। इसके पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा के साथ निविदा राशि रु 27,800/- का, Sr. AO/Cash, O/o The PAG (Audit-I) Rajasthan, Jaipur के नाम देय बैंकर्स चैक/डी.डी. दिनाँक 08.07.2025 को शाम 05:00 बजे तक लेखापरीक्षा अधिकारी जी.डी.-। के पास जमा करवाया जाना है।

नीलामी योग्य सामग्री दिनाँक 30.06.2025 से 03.07.2025 तक दोपहर 03:00 बजे से 05:00 बजे तक इस कार्यालय में देखी जा सकती हैं। दिनाँक 09.07.2025 को अपरान्ह 03:30 बजे खोली गई निविदाओं में से सफल निविदादाता को उसी दिन निविदा राशि के 25 प्रतिशत राशि उसी समय तथा शेष राशि 02 दिवस के भीतर राजकीय कोष में जमा करवानी होगी। असफल निविदादाता को विक्रय प्रक्रिया समाप्त होतो ही बैंकर्स चैक/डिमान्ड ड्राफ्ट वापस लौटा दिये जायेंगे। सामान देखने व निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु नीचे लिखे दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता हैं। इस निविदा प्रक्रिया में भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के सदस्य एवं उनके परिजन इस निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं हैं।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय की वेबसाइट https://cag.gov.in/ag1/rajasthan/en एवं CPPP पोर्टल/epublish पर भी देख सकते हैं।

0141-2385431

EXT-301,383

Praveen Yadav 23/06

वरि. लेखापरिक्षा अधिकारी

जी.डी.-।

## अप्रचलित सामग्री नीलामी की शर्तें निम्नानुसार हैः-

1. पुराने फर्नीचर (लोहे व लकड़ी), ठण्डा-गरम भण्डार, विविध भण्डार के इलेक्ट्रीकल्स व इलेक्ट्रोनिक उपकरण इत्यादि अप्रचलित सामग्री **:जहाँ हैं जैसे हैं"**, के आधार पर नीलामी की जावेगी।
2. निविदा में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति या फर्म अपनी निविदायें दिनाँक 08.07.2025 को शाम 05:00 बजे तक वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/जी.डी.-। के नाम प्रस्तुत की जानी हैं। इसके पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।
3. अमानत राशि के रुप में राशि रुपये 27,800/- का, Sr.AO/Cash, O/o The PAG (Audit-I) Rajasthan, Jaipur के नाम देय बैंकर्स चैक/डी.डी. निविदा के साथ वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी जी.डी.-। के पास जमा कराना होगा ।
4. सफल निविदादाता को निविदा खोले जाने के दिन निविदा राशि के 25 प्रतिशत राशि उसी समय तथा शेष राशि 2 दिवस के भीतर राजकीय कोष में जमा करवानी होगी।
5. निविदा मूल्य आरक्षित मूल्य से कम होने पर समिति द्वारा आरक्षित मूल्य के संबंध में पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है जो सभी को मान्य होगा।
6. असफल निविदादाता को विक्रय प्रक्रिया समाप्त होते ही उनके बैंकर्स चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट वापस लौटा दिये जायेंगे।
7. नीलामी योग्य सामग्री दिनाँक 30.06.2025 से 03.07.2025 तक दोपहर 03:00 बजे से 05:00 बजे तक इस कार्यालय में देखी जा सकती हैं।
8. इस निविदा प्रक्रिया में भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के कर्मचारी एवं उनके परिजन इस निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे ।
9. नीलामी राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात सामग्री सुपुर्द की जावेगी तथा हटायी गई सामग्री के स्थान की सफाई की जिम्मेदारी फर्म की होगी अन्यथा सफाई का चार्ज अमानत राशि में से काट लिया जावेगा।
10. नीलाम हुई सामग्री 07 दिवस के भीतर कार्यालय परिसर से हटायी जानी आवश्यक हैं अन्यथा अमानत राशि को जब्त या राशि रुपये 2000/- प्रतिदिन की शास्ति आरोपित की जा सकती हैं।
11. इसमें किसी भी प्रकार के देय करों/प्रभारों यदि कोई हो, तो उसे क्रेता द्वारा वहन किया जावेगा।
12. इस नीलामी हेतु गठित प्रशासनिक समिति को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
13. यदि किसी मामले में कोई विरोधाभास होने पर कार्यालयध्यक्ष का निर्णय सर्वमान्य होगा।

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
जी.डी.-।